बकाया २० हजार रुपये मांगने गये डम्पर चालक की संदिग्ध दशा में मौत

बाबागंज, प्रतापगढ़। मानिकपुर थाना क्षेत्र में लहदरी पुल के पास जायसवाल ढाबे पर सोमवार शाम बकाया सैलरी के २० हजार रुपये मांगने गये डंपर चालक की मारपीट में घायल होने के बाद संदिग्ध दशा में मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

संग्रामगढ़ क्षेत्र के स्थानीय गांव निवासी श्रीचंद सोनकर का पुत्र मनोज कुमार सोनकर (३५) डंपर चालक था। परिजनों के अनुसार मनोज मोटरसाइकिल से अपनी बकाया सैलरी मांगने ढाबे के पास गया था। वहां रुपये के लेन-देन को लेकर डंपर मालिक और चालक के बीच कहासुनी हो गयी। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर मारपीट हुई, जिसमें मनोज के सीने में चोट लग गयी। गंभीर हालत में वह किसी तरह मोटरसाइकिल से घर पहुंचा और

मारपीट का आरोप

परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन उसे इलाज के लिए प्रयागराज ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। परिजन शव लेकर घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने डंपर मालिक सहित एक अन्य चालक के खिलाफ मानिकपुर थाने में नामजद तहरीर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कारर्वाई की जायेगी।


संग्रामगढ़ में मृतक मनोज कुमार के बिलखते परिजन।

सर्पदंश से बीए के छात्र की मौत

बनीतेरहमील, प्रतापगढ़। कन्धई थाना क्षेत्र के करमाही गांव में सोमवार रात कमरे में सो रहे २० वर्षीय युवक को सांप ने डस लिया। समय पर उपचार नहीं मिलने से उसकी मौत हो गयी। करमाही निवासी विनय सिंह दिल्ली में रहते हैं। उनके एक बेटा और एक बेटी हैं। बड़ा बेटा पीयूष सिंह बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। सोमवार रात पीयूष घर के कमरे में सो रहा था। करीब १२ बजे सांप ने उसे डस लिया। जानकारी होने पर परिजन पहले झाड़-फूंक कराने में जुट गये। हालत बिगड़ने पर उसे दीवानगंज बाजार स्थित एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी हालत गंभीर हो चुकी थी। इलाज के दौरान पीयूष ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।


रत्तूपुर गोशाला में गायों को गुड़ खिलाते नपं अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल।

नपं अध्यक्ष ने किया गोशाला का निरीक्षण, खिलाया गुड़

पट्टी, प्रतापगढ़। पितृ पक्ष के पावन अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने रत्तूपुर नगर पंचायत की गोशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने गोशाला की साफ-सफाई, भूसा-चारा एवं पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिये।

पितृ पक्ष के महत्व को बताते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने कहा कि इस दौरान गौसेवा करने से पितरों को शांति मिलती है। इसके बाद उन्होंने गोशाला की सभी गायों को अपने हाथों से गुड़ एवं फल खिलाया और गोशाला परिसर में पौधरोपण भी किया।

इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि सजीवन सोनी, सभासद अतुल सिंह, रमेश सिंह, प्रिन्स बरनवाल, सत्यम सिंह, इन्द्रजीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

नशे में दुकान पर पहुंचकर युवक ने किया हंगामा

पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर खागल गांव में सोमवार को नशे की हालत में एक युवक के दुकान पर पहुंचकर हंगामा करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक ने दुकान के सामने रखा तख्त तोड़ दिया। दुकानदार ने इसका विरोध किया तो युवक उससे विवाद करने लगा।

आरोप है कि युवक ने दुकान के अंदर रखा सामान भी उठाकर बाहर फेंक दिया। घटना को लेकर दुकानदार चंद्रकेश वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर कारर्वाई की मांग की है। तहरीर में दुकानदार ने युवक पर मारपीट करने और दुकान का सामान बाहर फेंकने का आरोप लगाया है। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोग भी जुट गये। मामले की जानकारी होने पर पृथ्वीगंज चौकी पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी। चौकी प्रभारी प्रदीप मौर्य ने बताया कि दुकानदार की ओर से शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कारर्वाई की जायेगी।

जमीन के सौदे में धोखाधड़ी का आरोप, दंपती पर मुकदमा

पट्टी, प्रतापगढ़। जमीन के सौदे में धोखाधड़ी और धमकी देने के आरोप में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दंपती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एफआईआर के अनुसार आसपुर देवसरा निवासी शिवेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि उन्होंने १५ अप्रैल २०२६ को ०.६२६० हेक्टेयर भूमि का बैनामा राकेश यादव के पक्ष में ३५ लाख रुपये में किया था। भुगतान चेक के माध्यम से किया गया था।

आरोप है कि राकेश यादव ने उक्त भूमि पर पहले से मौजूद समझौते और ऋण संबंधी जानकारी छिपाकर बैनामा कराया। इसके बाद २५ जुलाई को राकेश यादव और उसकी पत्नी पयंग्या यादव १५ लाख रुपये का ऋण वसूलने पहुंची। शिकायतकर्ता का आरोप है कि दोनों ने पूर्व में हुए करार और जमीन पर ऋण भार की जानकारी छिपाकर उसे नुकसान पहुंचाया। जानकारी होने पर शिकायतकर्ता ने पुलिस से कारर्वाई की मांग की, लेकिन कारर्वाई न होने पर न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश के बाद आसपुर देवसरा पुलिस ने ५ अक्टूबर को राकेश यादव और पयंग्या यादव के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक सचिन कुमार को सौंपी गयी है।

श्रद्धा के निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर जतायी खुशी

लालगंज, प्रतापगढ़। छात्र संघ के चुनाव में निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने जाने की जानकारी होने पर परिजनों व क्षेत्र के लोगों ने खुशी जतायी है। लालगंज तहसील क्षेत्र के गजेहड़ी, अमावां गांव निवासी राजेश कुमार पाण्डेय की पुत्री श्रद्धा पाण्डेय को दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध मोती लाल नेहरू कालेज में निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना गया है। इसकी जानकारी होने पर मंगलवार को लोगों ने खुशी साझा की है। श्रद्धा की प्रारम्भिक शिक्षा लालगंज अझारा स्थित नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में हुई। दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्ययन के साथ ही छात्र संघ की गतिविधियों में उनकी भूमिका सक्रिय रही है। छात्र हितों से जुड़े कार्यों में श्रद्धा की सक्रियता के चलते उन्हें कालेज में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी हासिल हो सकी है। श्रद्धा


नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष श्रद्धा पाण्डेय।

के निर्विरोध चुने जाने पर परिवारी जनों के साथ ही सर्वेश कुमार पाण्डेय, सूरज पाण्डेय, अनुज पाण्डेय, आशुतोष पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, उमेश कुमार पाण्डेय, कृष्णकांत, अतुल आदि ने खुशी जतायी है।

मोबाइल हैक कर १२ हजार रुपये किये पार

प्रतापगढ़। नगर पंचायत क्षेत्र के बिबियापुर गांव निवासी अतुल सिंह पुत्र रामकृपाल सिंह के बैंक खाते से १२ हजार रुपये साइबर ठगी कर ली गयी। बताया गया कि अतुल अपना मोबाइल लेकर कुछ लोगों के साथ बैठे थे। इसी दौरान अचानक उनके मोबाइल पर अपडेट का वेरीफिकेशन आया। उन्होंने कुछ किया भी नहीं, लेकिन उनका मोबाइल हैंग हो गया। उनके खाते में उस समय १२ हजार रुपये थे तो वह आनलाइन दूसरे खाते में ट्रांसफर हो गये। जैसे ही उनके पास मोबाइल का मैसेज आया। वह बैंक पहुंचे। इसकी जानकारी दी। बाद में खाता बंद कराने के बाद उन्होंने साइबर ठगी की आनलाइन शिकायत दर्ज करायी है।

शादी का झांसा देकर युवती को भगा ले जाने का आरोप

प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के मलाक तिलाई मुगलपुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी १८ वर्षीय बेटी को गांव के ही युवक द्वारा शादी का झांसा देकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित पिता के अनुसार उसकी बेटी चार अक्तूबर को घर से लापता हो गयी। काफी समय बीतने के बाद जब वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर तलाश करने के बावजूद युवती का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने गांव के ही युवक पर बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। पिता की तहरीर के आधार पर बाघराय पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस युवती की तलाश के साथ ही मामले की जांच कर रही है।

किशोरी लापता, मां-बेटी सहित तीन के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। जेठवारा थाना क्षेत्र के पूरनपुर के करीब स्थित एक गांव की १५ वर्षीय किशोरी तीन अक्तूबर की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गयी। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। मां ने रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर किशोरी की खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद किशोरी की मां ने पुलिस को तहरीर देकर गांव की ही एक महिला, उसकी बेटी और बाइक नंबर के आधार पर एक युवक को नामजद किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस किशोरी की तलाश के साथ ही नामजद लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। परिजनों ने पुलिस से किशोरी को जल्द बरामद करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले में उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आवश्यक कारर्वाई की जा रही है।


एसटीबीएमपी विद्यालय में मिट श्योर ओलंपियाड मास्टर्स प्रमाण पत्र के साथ सफल छात्र।

मिट श्योर ओलंपियाड मास्टर्स की परीक्षा में स्थानीय अभ्यर्थियों ने बाजी मारी

सुवंशा, प्रतापगढ़। मिट श्योर ओलंपियाड मास्टर्स एमओएम की २०२५ की आयोजित परीक्षा में स्थानीय एसटीबीएमपी विद्यालय गांधी बाजार के दो अभ्यर्थी सफल हुए। सफल हुए अभ्यर्थियों को एमओएम ओलंपियाड द्वारा प्रमाण पत्र एवं एक हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक लक्ष्मी कांत दुबे ने सफल हुए अभ्यर्थियों को अपनी शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों में प्रतिभा निहित होती है, जिसे निखारने का काम शिक्षक करते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा छात्र मेहनत और लगन से अध्ययन करें। इस मौके पर विनम्र श्रीवास्तव प्रधानाचार्य, आशुतोष मिश्रा उप प्रधानाचार्य, सुरेश मिश्र, विनोद यादव, अरविंद विश्वकर्मा, रजनी, जया त्रिपाठी, ज्योति पांडे, लक्ष्मी, संत प्रसाद, प्रीना सिंह सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

बारिश में सड़क का १०० मीटर हिस्सा बहा, मरम्मत की मांग


जाजूपुर सरपता के समीप सड़क पर भरा पानी।

परियावां, प्रतापगढ़। विकासखंड कालाकांकर के लाला बाजार से जाजूपुर सरपता को जोड़ने वाली सड़क पर जाजपुर गोशाला से करीब ५०० मीटर पहले बारिश और तेज बहाव के कारण लगभग १०० मीटर सड़क बह गयी है। सड़क कटने से मार्ग पर गहरा गड्ढा बन गया है, जिसमें पानी भरा होने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है। यह मार्ग कई गांवों को जोड़ता है। सड़क खराब होने से पहले प्रतिदिन सैकड़ों लोग पैदल, साइकिल और बाइक से आवागमन करते थे। मार्ग क्षतिग्रस्त होने से कई गांवों का संपर्क प्रभावित हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार पहले बडेरा गांव होते हुए शारदा सहायक नहर के रास्ते मानिकपुर पहुंचना आसान था, लेकिन सड़क कटने के बाद लाला बाजार होकर जाना पड़ता है। इससे पांच से छह किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। जाजपुर के पूर्व प्रधान जाहिद अली सहित ग्रामीणों ने सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग की है। बीडीओ अरविंद कुमार ने बताया कि सड़क कटने की जानकारी उन्हें नहीं थी। अब मौके का निरीक्षण कर जल्द मरम्मत कराने का आश्वासन दिया है।

मौलिक अधिकार पार्टी ने मांगों को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

प्रतापगढ़। मौलिक अधिकार पार्टी की जिला इकाई ने मंगलवार को प्रदेश महासचिव राम बहादुर शर्मा के नेतृत्व में १० सूत्री मांगों का ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजा। जिला अध्यक्ष विश्वास ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष हरिपाल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष जनार्दन शर्मा, नगर अध्यक्ष रामकुमार शर्मा, संतोष कुमार शर्मा और भरत व्यास शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

ज्ञापन में अति पिछड़ा वर्ग के लिए अत्याचार निवारण कानून और पृथक आरक्षण लागू करने, जनगणना में पिछड़े वर्गों की गणना कराने, मतदाता सहायता राशि लागू करने तथा विशेष आर्थिक क्षेत्र और उदारीकरण-निजीकरण संबंधी नीतियों की समीक्षा की मांग की गयी। पार्टी ने शिक्षा नीति और विदेशी विश्वविद्यालयों से जुड़े प्रावधानों पर पुनर्विचार, प्रतियोगी परीक्षाओं में लिखित परीक्षा का अंक प्रतिशत बढ़ाने की मांग भी उठाई। न्यायपालिका में विभिन्न स्तरों पर अदालतों और उच्च न्यायालयों की बेंच स्थापित करने तथा चुनाव प्रक्रिया में बैलेट पेपर से मतदान, बूथ पर मतगणना और मतदाता सूची को आधार से जोड़ने की मांग की गयी।


आम्बेडकर चौराहे पर प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता।

विद्यालय परिसर में वृक्ष गिरने से किचन सेट-बाउंड्रीवाल क्षतिग्रस्त

पट्टी प्रतापगढ़। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कलियनापुर विकास खण्ड पट्टी प्रतापगढ़ में बीते दिनों जोरदार आंधी तूफान से परिसर में अर्जुन का विशालकाय वृक्ष गिर गया, जिससे बाउंड्रीवाल किचन कम स्टोर धराशाई हो गया, जिससे उसमें रखा एमडीएम का सामान भी छतिग्रस्त हो गया। इसकी सूचना तब हुई जब प्रधानाध्यापक अनिल कुमार वर्मा विद्यालय पहुंचे तो देखा की पेड़ के गिरने से बाउंड्रीवाल किचन कम स्टोर क्षतिग्रस्त हो गया।

अखिलेश की रिहाई और ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर सपाइयों ने किया प्रदर्शन

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की रिहाई और ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर मंगलवार को सपाइयों ने नगर के अंबेडकर चौराहे पर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में जुटे सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास स्वीकार नहीं किया जायेगा। कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव की रिहाई और ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए सरकार के खिलाफ नारे लगाए। काफी देर तक चले प्रदर्शन के चलते चौराहे पर राजनीतिक गतिविधियां तेज रहीं। सपा नेताओं ने कहा कि पार्टी अपने लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर पीछे नहीं हटेगी। मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक करने की बात कही गयी। प्रदर्शन में जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, पूर्व विधायक राज कुमार पाल, अनिल यादव, पूर्व प्रमुख शांति सिंह, अभिषेक तिवारी, ज्योत्सना सिंह, वासिक खान, जावेद, वकार और मनीष पाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डीएम ने मुसहर बस्ती चरिया का किया निरीक्षण, सुनीं ग्रामीणों की समस्या

सुवन्सा, प्रतापगढ़। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने नगर पंचायत सुवंशा बाजार स्थित मुसहर बस्ती चरिया का स्थलीय निरीक्षण कर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने बस्ती के लोगों से उनकी समस्याओं और जरूरतों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को संबंधित विभागों से समन्वय कर बस्ती में डोर-टू-डोर सत्यापन कराने को कहा। सत्यापन में प्रत्येक परिवार की पात्रता और सरकारी योजनाओं से आच्छादन की स्थिति की जानकारी लेकर रिपोर्ट तैयार की जायेगी, ताकि कोई पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बस्ती में रास्ता, नाली, शौचालय और पेयजल सहित मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी सुवंशा बाजार को अधूरे विकास कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि १० अक्टूबर को बस्ती में चौपाल आयोजित होगी। इसमें कराए गये और प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा के साथ ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान कराया जायेगा।


सुवन्सा बाजार स्थित मुसहर बस्ती का निरीक्षण करते डीएम अभिषेक पाण्डेय।

मोबाइल टावर पर चढ़कर धमकी देने के मामले में मुकदमा

प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के छेवंगा गांव स्थित जियो मोबाइल टावर पर चढ़कर धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एफआईआर के अनुसार घटना पांच अक्टूबर की सुबह करीब १० बजे की है। शिकायतकर्ता विनोद सिंह यादव ने पुलिस को बताया कि वह अन्य लोगों के साथ मोबाइल टावर के पास मौजूद थे। इसी दौरान एक व्यक्ति टावर पर चढ़ गया और नीचे उतरने से मना करने लगा। आरोप है कि उसने पुलिस तथा वहां मौजूद लोगों को धमकी दी और रास्ता रोकने सहित अन्य प्रकार से दबाव बनाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। शिकायत के आधार पर बाघराय पुलिस ने समुचित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आटो चालक की पत्नी ने दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने पुलिस को तहरीर दी। वह आलापुर बाजार में टाइनी शाखा चलाती है और प्रतिदिन आटो से आती जाती है। प्रतिदिन उसी आटो से आने जाने से चालक से उसकी जान पहचान हो गयी। उसी बात को लेकर आटो चालक की पत्नी उस पर चारित्रिक आक्षेप लगाते हुए उसके मोबाइल पर आए दिन जाति सूचक गालियां देती है। आटो चालक की पत्नी ने रेवली मोड़ पर उसे पीटने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आटो चालक की पत्नी रेखा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

संक्षिप्त समाचार

एक किलो २०५ ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

प्रतापगढ़। बाघराय पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर कारर्वाई करते हुए एक युवक को गांजे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पकड़े गये युवक के पास से एक किलो २०५ ग्राम गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपित विजय बहादुर सिंह निवासी देवरी हरदोपट्टी को फकीर का पुरवा स्थित राम वन गमन मार्ग के पास से गिरफ्तार किया। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से गांजा बरामद होने का दावा किया गया। पुलिस आरोपित को हिरासत में लेकर थाने पहुंची और उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी की। आरोपित को न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

१.१६ किलो गांजा और बिक्री के रुपये के साथ युवक गिरफ्तार

प्रतापगढ़। हथिगवां पुलिस ने सोमवार शाम मुखबिर की सूचना पर कारर्वाई करते हुए एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने बलीपुर रोड स्थित रामलखन गुमटी के पास घेराबंदी कर बसिया का पुरवा, पुरनेमऊ निवासी अमरजीत यादव को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से ११६० ग्राम गांजा बरामद हुआ।

क्षेत्राधिकारी कुंडा शिव नारायण वैस की मौजूदगी में हुई कारर्वाई में गांजा बिक्री के लिए रखे गये ३५ खाली पाउच और ४८२ रुपये भी बरामद किये गये।

पुलिस के अनुसार आरोपित ने पूछताछ में खर्च चलाने के लिए गांजा बेचने की बात स्वीकार की है। मामले में महिला उपनिरीक्षक राखी सिंह की तहरीर पर एनडीपीएस एक्ट की धारा ८ और २० के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपित को विधिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय में पेश करने की कारर्वाई शुरू कर दी है। मामले की जांच उपनिरीक्षक दिलीप कुमार वर्मा को सौंपी गयी है।

प्रशासक पर भ्रष्टाचार का आरोप, शिकायत

प्रतापगढ़। शिवगढ़ ब्लाक क्षेत्र के उगईपुर गांव के मंगला प्रसाद, अधिवक्ता इशियाक, निखिल सिंह, अश्वनी सिंह, शिवम सिंह, राधेश्याम आदि ने डीपीआरओ को शिकायती पत्र देकर गांव के विकास कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। पीड़ितों के अनुसार, गांव में इंडिया हैंडमार्का पंप रीबोर, कच्चे रास्ते पर मिट्टी समतलीकरण के नाम पर लाखों रुपये के सरकारी बजट में प्रशासक सहित ब्लाक के कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार किया है। मामले की जांच के बाद कारर्वाई की गुहार लगायी गयी है।

ईंट लेकर जा रहे पिता-पुत्र पर कुल्हाड़ी से हमला, छः नामजद

रानीगंज, प्रतापगढ़। थाना क्षेत्र के विष्णुपुर कला गांव में नए मकान के लिए ईंट लेकर जा रहे पिता-पुत्र पर रास्ते में रोककर हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना पांच अक्तूबर की सुबह करीब ६.३० बजे की बताई गयी है। पुलिस के अनुसार मो. फैसल अपने पिता रफीक के साथ ट्रैक्टर से ईंट लेकर जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में सगीर, मो. सलीम, मो. जावेद, मो. कादिर, मो. सहबाज और मो. शाहरुख ने उन्हें रोक लिया।

आरोपियों के हाथों में लाठी-डंडा, सरिया और कुल्हाड़ी थी। गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपियों ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे रफीक गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गये। फैसल किसी तरह घर पहुंचा तो आरोपियों ने वहां भी घुसकर मारपीट की और उसका मोबाइल तोड़ दिया। ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। घायलों को ट्रामा सेंटर ले जाया गया। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक राजीव कमल पांडेय को सौंपी है।

जमीन की रंजिश में सरिया से हमला, मुकदमा दर्ज

रानीगंज, प्रतापगढ़। थाना क्षेत्र के बाबूपट्टी गांव में जमीन की पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन नामजद सहित दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच उपनिरीक्षक राजेश कुमार यादव को सौंपी गयी है। गांव निवासी महेंद्र प्रताप के अनुसार छह जुलाई को दोपहर करीब तीन बजे वह खेत की ओर गया था। आरोप है कि पहले से घात लगाए बैठे अखिलेश कुमार, पवन कुमार और शैलेश कुमार सहित दो अज्ञात लोगों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडे व सरिया से हमला कर दिया। आरोप है कि अखिलेश ने जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर सरिया से वार किया। बचने के प्रयास में सरिया उसकी दाहिनी कोहनी में लगा, जिससे फ्रैक्चर हो गया। आरोपियों पर जेब से ५०० रुपये और आधार कार्ड निकालने का भी आरोप है। इसके अलावा टीनशेड के ओसारे को तोड़कर करीब २० हजार रुपये का नुकसान किये जाने की बात कही गयी है। थाने पर सुनवाई नहीं होने पर पीड़ित ने एसीजेएम न्यायालय की शरण ली। आदेश पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।


रानीगंज कैथौला से साइकिल यात्रा निकालते भाजपा नेता एवं समर्थक।

भाजपाइयों ने निकाली महापरिवर्तन साइकिल यात्रा

लालगंज, प्रतापगढ़। भाजपाइयों ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र रामपुर खास में महापरिवर्तन साइकिल यात्रा निकाली। भाजपा नेता व पूर्व भाजपा प्रत्याशी नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकार के नेतृत्व में निकाली गयी महापरिवर्तन साइकिल यात्रा रैली रानीगंज कैथौला से आरम्भ हुई। इसके बाद साइकिल यात्रा विकास नगर, चुर्री चौराहा, भटनी, लकुरी, बीजूमउ, पूरे खैरा छेमी, रामपुर बावली, पुरवारा, असरही, लालगंज होते हुए पुनः रानीगंज कैथौला स्थित भाजपा कार्यालय पर सम्पन्न हुई। भाजपा नेता नागेश प्रताप सिंह ने कहा कि महापरिवर्तन की यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास के संकल्पों से जुड़ी है। इस मौके पर पूर्व प्रमुख रमेश प्रताप सिंह, देवेन्द्र काका, अंकित, पुनीत आदि मौजूद रहे।

विधिक साक्षरता शिविर को सफल बनाने के लिए बैठक

रानीगंज, प्रतापगढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सात सितंबर को राजकीय बालिका इंटर कालेज बरहद में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम सुबह ११.३० बजे होगा। इसमें विधिक सहायता, वैकल्पिक विवाद समाधान, शासन की कल्याणकारी योजनाओं, सर्वाइकल कैंसर, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और मिशन शक्ति सहित विभिन्न विषयों पर लोगों को जागरूक किया जायेगा। कार्यक्रम में द्वितीय सिविल जज एवं सीनियर डिवीजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रतापगढ़ शांम्भवी की उपस्थिति सुनिश्चित है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लीगल एड क्लिनिक में आवश्यक बैठक हुई।

उत्तर मध्य रेलवे
No. MECH-ONF-WC-DER-26 दिनांक : 01.10.2026
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ओ. & एफ.), उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक GeM वेबसाइट पर आमंत्रित की जाती है-

GEM बिड संख्याः GEM/2026/B/8104814, Dated: 01.10.2026, कार्य का नामः ICD DER में वैगनों के परीक्षण के दौरान मरम्मत संबंधी कार्य से संबंधित अतिरिक्त कार्य।	
कार्य का अनुमानित लागत (₹ में): ₹ 1,22,82,856.30	EMD (₹ में): ₹ 2,11,500/-
निविदा सिस्टमः डबल पैकेट सिस्टम	ई-निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य
कार्य की अवधि : 18 माह	GeM वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि : 01.10.2026
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 23.10.2026 & 12:00	

नोटः (1) उपरोक्त ई-निविदाओं की निविदा पुस्तिका के साथ पूरी जानकारी GEM वेबसाइट पर प्रकाशित होने की तिथि से उपलब्ध/अपलोड की जाएगी और वेबसाइट www.gem.gov.in पर निविदा खुलने की नियत तिथि तक बनी रहेगी। (2) उपरोक्त निविदाओं के लिए ई-बोली के अलावा अन्य बोलियां स्वीकार नहीं की जाएगी। इस उद्देश्य के लिए, विक्रेताओं को खुद को GeM वेबसाइट के साथ पंजीकृत कराना आवश्यक है। (3) संलग्न किए जा रहे दस्तावेज पर निविदाकर्ता द्वारा अपने हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। (4) सभी निविदाकरों को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। (5) किसी भी कठिनाई के मामले में GeM की वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है। (6) ऑनलाइन ई-निविदा निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक जमा की जा सकती है। 2254/26 (MG)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in